स्मृति दिवस



बाबा का स्मृति दिवस आज
इस दिन बाबा बच्चों को देते सिरताज
बाबा साकार में आज वरदान लुटाते
हमारे लिए सूक्ष्म वतन सजाते
अमृतवेले से रहते मधुबन में आप

पॉवरफुल वायब्रेशन्स से भर देते आप
सारा दिन सूक्ष्म वतन करते आप आवहान
ख़ुशी से भर देते बच्चों को मन ही मन
शिवबाबा के नंबरवन बच्चे हो आप
सदा बच्चों को आगे रखते आप
"पहले आप" का पाठ पढ़ाया
ट्रस्टी बनना आपने सिखाया
आज भी देते हो बाबा पालना साकार की
भर के जाते सब यहाँ से झोली तेरे प्यार की
आपने हमें शिवबाबा से मिलाया
शुक्रिया आपका जो बेहद के बाप का प्यार दिलाया
धर्म ग्लानि की वेला में परमात्मा ने माध्यम बनाया
बड़ी रमणीकता से आपने सबको परमात्म संदेश सुनाया
दिया आपने इतना रूहानी प्यार
याद करके आपका प्यार आ जाते हैं आँसू ज़ार ज़ार
चलते आप सदा हमारे संग
बढ़ाते रहते सदा हमारा उमंग
सभी करते अनुभव प्यारे आपके साथ
लेकर हाथों में हाथ
ब्रह्मा बाबा आपकी कुर्बानी
यज्ञ की है नंबरवन निशानी

चलते फिरते आप थे लाइट हाउस

सबको सिखाया कनेक्शन जोड़ना पॉवर हॉउस से

नज़रों के सामने रहते साकार के वो दिन सुहाने

आ जाओ बाबा अब संग मिल गायें ख़ुशी के तराने

करते आप हमारा सूक्ष्म वतन में इंतज़ार

कर्मातीत अवस्था को हम जल्दी पा लें देते दृष्टि बार बार

बाबा आपके साथ ही चलेंगे

और साथ ही राज्य करेंगे

आ जाओ ब्रह्मा बाबा हमारे

आपको आना ही होगा ....।